Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 1 | सत्ता की साझेदारी

QUIZ PART-01

1. **बेल्जियम में बहुसंख्यक जातीय समूह कौन-सा है?**
   A. फ्रेंच भाषी
   B. डच भाषी
   C. जर्मन भाषी
   D. अंग्रेज़ी भाषी (B)

*व्याख्या :* बेल्जियम की जनसंख्या में डच भाषी 59% हैं, जो बहुसंख्यक समूह है।

2. **श्रीलंका की जनसंख्या का कितना प्रतिशत सिंहली भाषी है?**
   A. 74%
   B. 13%
   C. 7%
   D. 5% (A)

*व्याख्या :* श्रीलंका में सिंहली भाषी लोग लगभग 74% हैं और वे मुख्यतः बौद्ध धर्म का पालन करते हैं।

3. **श्रीलंका में 1956 में किस भाषा को एकमात्र राजभाषा घोषित किया गया?**
   A. अंग्रेज़ी
   B. तमिल
   C. सिंहली
   D. संस्कृत (C)

*व्याख्या :* 1956 में श्रीलंका सरकार ने सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित किया, जिससे तमिलों में असंतोष बढ़ा।

4. **तमिल अलगाववादी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था?**
   A. नौकरियों में आरक्षण
   B. 'तमिल ईलम' नामक अलग राज्य की माँग
   C. केवल सांस्कृतिक अधिकार
   D. अंग्रेज़ी को राजभाषा बनाना (B)

*व्याख्या :* तमिल अलगाववादियों की प्रमुख माँग एक अलग राज्य 'तमिल ईलम' की स्थापना थी।

5. **बेल्जियम में फ्रेंच भाषी लोग किस स्थिति में थे?**
   A. आर्थिक रुप से कमजोर
   B. आर्थिक रुप से सशक्त और समृद्ध
   C. बहुमत में
   D. ग्रामीण और निर्धन (B)

*व्याख्या :* बेल्जियम में फ्रेंच भाषी अल्पसंख्यक आर्थिक रुप से मज़बूत और समृद्ध थे, जिससे डच भाषी समुदाय में असंतोष था।

6. **श्रीलंका में तमिलों ने कौन-सी माँगें रखीं?**
   A. तमिल को राजभाषा बनाने की
   B. क्षेत्रीय स्वायत्तता
   C. शिक्षा और नौकरियों में समान अवसर
   D. उपरोक्त सभी (D)

*व्याख्या :* तमिलों ने तमिल भाषा को राजभाषा का दर्जा, क्षेत्रीय स्वायत्तता और शिक्षा व नौकरियों में समान अवसर की माँग की।

7. **बेल्जियम ने सत्ता-साझेदारी के लिए संविधान में कितने संशोधन किए?**
   A. दो
   B. तीन
   C. चार
   D. पाँच (C)

*व्याख्या :* बेल्जियम में सत्ता-साझेदारी सुनिश्चित करने के लिए 1970 से 1993 तक चार संवैधानिक संशोधन किए गए।

8. **बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में भाषाई अनुपात क्या है?**
   A. 80% डच भाषी, 20% फ्रेंच भाषी
   B. 80% फ्रेंच भाषी, 20% डच भाषी
   C. 50% डच और 50% फ्रेंच
   D. केवल जर्मन भाषी (B)

*व्याख्या :* ब्रुसेल्स में 80% लोग फ्रेंच भाषी और 20% लोग डच भाषी हैं।

9. **बेल्जियम की सत्ता साझेदारी व्यवस्था का एक प्रमुख परिणाम क्या रहा?**
   A. राष्ट्रीय एकता कमज़ोर हुई
   B. गृहयुद्ध शुरु हुआ
   C. यूरोपीय संघ का मुख्यालय वहाँ स्थापित हुआ
   D. अल्पसंख्यकों को बाहर कर दिया गया (C)

*व्याख्या :* बेल्जियम की समझदारीपूर्ण सत्ता-साझेदारी ने स्थिरता कायम की और ब्रुसेल्स को यूरोपीय संघ का मुख्यालय चुना गया।

10. **श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद का परिणाम क्या हुआ?**
   A. आर्थिक विकास तेज़ हुआ
   B. गृहयुद्ध और अलगाववाद बढ़ा
   C. तमिलों को बराबरी मिली
   D. यूरोपीय संघ ने सहयोग किया (B)

*व्याख्या :* बहुसंख्यकवाद के कारण तमिलों के साथ भेदभाव हुआ, जिससे गृहयुद्ध और अलगाववाद को बढ़ावा मिला।